# FORM - III

## फर्द अहकाम

(नियम 26)

**अज अदालत उपखण्ड अधिकारी {राजस्व}, श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर**

सिमरजोत कौर **बनाम** राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार श्रीकरणपुर

अन्तर्गत धारा 88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट प्रकरण संख्या264 सन् 2025

जी.सी.एम.एस. नम्बर 2025/376

| तामिल हुकम | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 04.08.2025 | प्रार्थी सिमरजोत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह जाति जटसिख निवासी 24 एच तहसील श्रीकरणपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में तहसीलदार श्रीकरणपुर के पंत्राक 1922 दिनांक 18.07.2025 से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण राजस्थान काश्तकारी अधिनियम-1955 की धारा 88 व भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 136 में दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी को सुना गया व पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र व रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर का अवलोकन किया। प्रार्थी की बहस को सुनते हुए संगत विधिक प्रावधानों का अध्ययन किया। पत्रावली तथा इसके साथ प्रस्तुत दस्तावेजात यथा राजस्व ग्राम 26 एच, पटवार हल्का 26 एच, भू.अ.नि.क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 112/81 की प्रति, राजस्व ग्राम 26 एच ए, पटवार हल्का 26 एच, भू. अ.नि.क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 22/22 की प्रति, पंजीकृत बैयनामा सुखविन्द्र सिंह बहक सिमरजोत कौर दिनांक 30.12.2019 की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, जन आधार कार्ड की छायाप्रति, इन्तकाल संख्या 577 दिनांक 21.11.2020 की छायाप्रति के अवलोकन से स्पष्ट है, कि प्रार्थी के द्वारा राजस्व ग्राम 26 एच, पटवार हल्का 26 एच, भू.अ.नि.क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 112/81 में क्रम संख्या 2 पर अंकित नाम सिमरजीत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह के स्थान पर सिमरजोत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह दर्ज करवाने बाबत निवेदन किया गया है। प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात राजस्व ग्राम 26 एच ए, पटवार हल्का 26 एच, भू.अ.नि. क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2076 ता 2079 के खाता संख्या 22/22 की प्रति, पंजीकृत बैयनामा सुखविन्द्र सिंह बहक सिमरजोत कौर दिनांक 30.12.2019 की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, जन आधार कार्ड की छायाप्रति में नाम सिमरजोत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह अंकित है। रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर के मुताबिक प्रार्थी के आधार कार्ड व पंजीकृत बैयनामा अनुसार नाम सिमरजोत कौर था। जो इन्तकाल दर्ज करते समय सहवन से सिमरजीत कौर दर्ज हो गया। प्रार्थी का नाम दुरूस्त किया जाना उचित है। अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात, के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 26 एच, पटवार हल्का 26 एच, भू.अ.नि.क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 112/81 में क्रम संख्या 2 पर अंकित नाम सिमरजीत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह के स्थान पर सिमरजोत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे। पर्चा डिक्री इस आशय का जारी हो। पर्चा डिक्री की एक प्रति तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ प्रेषित हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता पत्रावली दाखिल दफ्तर/ लेख भण्डार जमा हो। | |

**सहायक कलक्टर एवं पदेन**
**उपखण्ड अधिकारी**
**श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)**

# अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}

(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")

**अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर**
**ब इजलास श्री श्योराम (आर.ए.एस.)**

सिमरजोत कौर बनाम राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार श्रीकरणपुर
धारा अन्तर्गत **88 आरटीए, 136 एलआरएक्ट** मुकदमा नम्बर **264/2025**
**निर्णय दिनांक :-04.08.2025**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादी स्वंय के** पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि प्रार्थना पत्र प्रार्थी रिपोर्ट तहसीलदार श्रीकरणपुर, प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात, के अनुसार भली-भांति साबित होने पर स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम 26 एच, पटवार हल्का 26 एच, भू.अ.नि.क्षेत्र लखियां, तहसील श्रीकरणपुर की जमाबन्दी सम्वत 2075 ता 2078 के खाता संख्या 112/81 में क्रम संख्या 2 पर अंकित नाम सिमरजीत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह के स्थान पर सिमरजोत कौर पत्नी भिन्द्र सिंह दर्ज किए जाने के आदेश दिए जाते है। उक्त खाता के शेष अंकन व रहन बदस्तुर रहेगे। उपर्युक्तानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन किया जावे।

आज दिनांक 04.08.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

| मुददई | रूपया | पैसा | मुदायली | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अरजीदावा | 02 | 00 | स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 |
| स्टाम्प वकालतनामा | 00 | 00 | स्टाम्प अरजी | 00 | -- |
| स्टाम्प ड्यूटी | 00 | 00 | मेहनताना वकील पर | 00 | -- |
| **योग** | 02 | **00** | **योग** | **00** | **00** |

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

क्रमांकः रीडर/ 2025/592 दिनांक 04.08.2025

प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्री करणपुर (श्री गंगानगर)